# केंद्रीयमाध्यमिकशिक्षा बोर्ड

## प्रीत विहार, दिल्ली -92

निविदा सं।001/2015/भर्ती कक्ष　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक: 31/03/2015

## बोली दस्तावेज

# "मानव शक्ति सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निविदा"

**(** www.cbse.nic.in पर देखें **)**

**(मार्च, 2015)**

मूल्य: रू.1000/- मात्र

# केंद्रीयमाध्यमिकशिक्षा बोर्ड

# प्रीत विहार, दिल्ली -92

निविदा सं।001/2015/भर्ती कक्ष दिनांक: 31/03/2015

**निविदा दस्तावेज**

"मानव शक्ति सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए"

**विषय सूची सारणी**


भाग -1 निविदा आमंत्रण सूचना .................................................. 04

भाग -2 बोली प्रस्तुतिकरण फार्म (अनुबंध -IV) .................................................. 07

भाग -3 बोलिदाताओं के लिए अनुदेश .................................................. 10

भाग -4अनुबंध की सामान्य शर्तें (GCC) .................................................. 23

भाग -5 अनुबंध की विशेष शर्तें (SCC) .................................................. 35

भाग -6 कार्य सूची/आवश्यकताएं .................................................. 39

भाग -7 तकनीकी बोली - फार्म (अनुबंध -I) .................................................. 47

भाग -8 वित्तीय बोली -फार्म (अनुबंध -III) .................................................. 50

भाग -9 फार्म .................................................. 53

9.1 घोषणा पत्र (अनुबंध -II) .................................................. 54

9.2 कार्य निष्पादन प्रतिभूति बाण्ड फार्म (अनुबंध -V)........................... 55

9.3 अनुबंध फार्म (अनुबंध -VI) .................................................. 57

9.4 बोली खुलने के समय हाजिर रहने के लिए प्राधिकारपत्र (अनुबंध -VII).. 59

9.5 अनुबंध पूर्वअखण्डता समझौता (अनुबंध-VIII) .................................... 60

9.6 निविदा स्वीकृति पत्र (अनुबंध-IX )............................................ 69

भाग -10 जांच सूची (अनुबंध-X) .................................................. 72

अनुबंध-क(A) .................................................. 74

# केंद्रीयमाध्यमिकशिक्षा बोर्ड

# प्रीत विहार, दिल्ली -92

निविदा सं।001/2015/भर्ती कक्ष दिनांक: 31/03/2015

## बोली दस्तावेजों के बारे में संक्षिप्त सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 001/2015/भर्ती कक्ष |
| अनुबंध की अवधि | करारनामे से एक वर्ष तक, जिसे संतोषजनक सेवाओं के उपलब्ध कराए जाने पर बढ़ाया जा सकता है। |
| बोली प्रस्तुत करने हेतु आरंभिक तिथि और समय | दिनांक01/04/2015 को 10.30 बजे |
| बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय | दिनांक10/04/2015 को 15.00 बजे तक |
| तकनीकी बोली खुलने की तारीख एवं समय | दिनांक10/04/2015 को 16.00 बजे |
| तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं के लिए वित्तीय बोलियां खुलने की तिथि | बाद में बताया जाएगा |
| अग्रिमजमा राशि (EMD) | किसी भी अनुसूचित बैंक द्वारा "सचिव, सीबीएसई" के पार्टी में जारी रू.1,00,000/- (एक लाख रूपये मात्र) का रेखांकित मांग ड्राफ्ट/बैंकरज चेक, जो दिल्ली में देय हो। |
| निविदा दस्तावेज का मूल्य | रू.1,000/- (रूपये एक हजार मात्र) |
| बोली की वैधता अवधि | 90 दिन |
| अनुबंधों सहित निविदा दस्तावेज के कुल पृष्ठों की संख्या. | 76 |
| बोली प्रस्तुत करने के लिए पता एवं स्थान | स्वागत कक्ष, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,<br>2, सामुदायिक केंद्र, प्रीत विहार, दिल्ली - 92 |

# भाग – 1

## (निविदा आमंत्रण सूचना)

# केंद्रीयमाध्यमिकशिक्षा बोर्ड

# प्रीत विहार, दिल्ली -92

निविदा सं।001/2015/भर्ती कक्ष दिनांक: 31/03/2015

## <u>निविदा आमंत्रण सूचना</u>

**अग्रिमजमा राशि : रू.1,00,000/- (रूपये एक लाख मात्र)**

**निविदा दस्तावेज का मूल्य : रू.1,000/- (रूपये एक हजार मात्र)**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षाबोर्ड,दिल्लीअपनेदिल्लीकेकार्यालयों के लिएमानवशक्ति सेवाएंप्रदान करने के लिएपंजीकृतऔरअधिकृतफर्मों /एजेंसियों से,दोहरीबोलीप्रणाली के तहत, सीलबंद लिफाफे में बोलियांआमंत्रित करताहै।

निविदा दस्तावेजमें दिए गएनिर्देशों के अनुसार विधिवत् भरे हुए सीलबंद बोली दस्तावेजों (तकनीकी बोली और वित्तीय बोली के साथ साथ अग्रिम जमा राशि सहित) को,सचिव,केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षाबोर्ड, 2,सामुदायिक केंद्र,प्रीतविहार,दिल्लीकोसंबोधित किया जाना चाहिएऔर इन्हें दिनांक 10/04/2015 को अधिकतम15:00बजे तक निविदा बॉक्स में डाल दिया जाना चाहिए।

सीलकिए हुएबोली दस्तावेज़ों कोनिर्धारिततिथि और समयतकमुख्यालयभवनकेस्वागत कक्ष,पररखे गए निविदा बॉक्समेंडालदिया जाना चाहिए। निविदा दस्तावेजों को अनुभागअधिकारी, (भर्ती कक्ष),कमरा नं306, तीसरातल,केंद्रीयमाध्यमिक शिक्षा बोर्ड, 2,सामुदायिक केंद्र,प्रीतविहारदिल्ली 92 से, किसी भी कार्य दिवस पर, 3.00 बजे अपराहन से 5.00 बजे अपराहन के दौरान, निविदा दस्तावेज के मूल्य के रूप में रूपये 1,000/- का भुगतान,"सचिव, सीबीएसई "के नाममेंबैंक ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि दिल्ली में देय हो, कर के, प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा दस्तावेजों को इस कार्यालय की वेबसाइट www.cbse.nic.in से भीडाउन लोड किया जा सकता है। जो बोलीदाता कार्यालय की वेबसाइट से निविदा दस्तावेजों को डाउन लोड करना चाहते है, उनको बोली दस्तावेजों तथा अग्रिम जमा राशि के साथ साथ निविदा के मूल्य के रूप में रू.1000/- कीराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्रस्तुतकरनी चाहिए।

तकनीकी बोलियों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली के समिति कक्ष में दिनांक 10/04/2015 को 16.00 बजे, बोर्ड के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिकृत समिति द्वारा, ऐसे बोलिदाताओं की उपस्थिति में, जो उपस्थित रहना चाहे,खोला जाएगा।जिन बोलिदाताओं की तकनीकीबोली को स्वीकारकियाजाएगा, केवल उन्ही बोलिदाताओं की वित्तीयबोलियों को,इसउद्देश्य के लिएअधिकृतसमिति द्वाराखोला जाएगा। केवल तकनीकी रूप से योग्य पाए गए बोलिदाताओं को वित्तीय बोलियां खोलने कीतिथि, समय औरस्थान की जानकारी दी जाएगी।

# केंद्रीयमाध्यमिकशिक्षा बोर्ड

# प्रीत विहार, दिल्ली -92

निविदा सं।001/2015/भर्ती कक्ष दिनांक: 31/03/2015

सचिव, सीबीएसई के पास, किसी भी या सभी बोलियों को, बिना कोई कारण बताए, रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है तथा सचिव, सीबीएसई का निर्णय अंतिम तथा सभी को मान्य होगा ।

**(रनवीर सिंह)**
**संयुक्त सचिव (प्रशा.एवं विधि)**
**फोन : 011-22517252**

**केंद्रीयमाध्यमिकशिक्षा बोर्ड**

**प्रीत विहार, दिल्ली -92**

निविदा सं।001/2015/भर्ती कक्ष दिनांक: 31/03/2015

# भाग – 2

## (बोली प्रस्तुतिकरण फार्म)

# केंद्रीयमाध्यमिकशिक्षा बोर्ड

# प्रीत विहार, दिल्ली -92

निविदा सं।001/2015/भर्ती कक्ष                                                                 दिनांक: 31/03/2015

**अनुबंध-IV**

## <u>बोली प्रस्तुतिकरण फार्म</u>

दिनांक:

**बोली- पत्र**

सेवामें,

सचिव,
केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
2, सामुदायिक केंद्र,
प्रीत विहार, दिल्ली-92.

संदर्भ: बोलीनिविदासं. 001/2015/भर्ती कक्ष दिनांक 31/03/2015 के लिए आमंत्रण

हम, अधोहस्ताक्षरी, घोषणा करते है कि:

1. हमनेंजांच कर ली है औरबोलिदाताओं के लिए जारी अनुदेशों वाले संलग्नकों सहित बोली दस्जावेजोंको लगाने के प्रति हमारी कोई शर्त नहीं है ।
2. हम केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दिल्ली/ नई दिल्ली में कार्यरत कार्यालयों के लिए मानव शक्ति सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बोली दस्तावेजों के अनुसार निष्पादन करने का प्रस्ताव करते है ।
3. बोली दस्तावेजों के अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर, हमारी बोली नियत तिथि से 90 दिन तक वैध होगी और हमारे ऊपर यह बाध्यकारी रहेगी तथा उक्त अवधि के समाप्त होने से पहले किसी भी समय इसे स्वीकार किया जा सकता है ।
4. यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम बोली दस्तावेजों के अनुसार कार्य निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत करेंगे ।
5. हम यह भी घोषणा करते है कि भारत सरकार ने या अन्य किसी सरकारी निकाय ने हमें भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, कपटपूर्ण या अवपीड़क व्यवहार के लिए या किसी भी असफलता / किसी भी गंभीर प्रकृति की कमियों के लिए अयोग्य नहीं ठहराया है या हमें प्रतिबंध काल सूची में नहीं डाला है।
6. हम इस बोली दस्तावेज में दी गई सभी शर्तों एंव निबंधनों को भी स्वीकार करते है तथा इनका पालन करने का वचन देते है, जिसमें यह शर्त भी शामिल है कि आप उच्चतम श्रेणी की बोली/निम्न बोली को या आप को प्राप्त होने वाली किसी भी अन्य बोली को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है ।

निविदा सं।001/2015/भर्ती कक्ष दिनांक: 31/03/2015

भवदीय,

अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता
(बोलीदाता कम्पनी की ओर से हस्ताक्षर करने वाले अधिकृत व्यक्ति को, इस आशय के अधिकार पत्र की प्रति संलग्न करनी चाहिए)

पूरा नाम और पदनाम

(इसे बोलीदाता द्वारा अपने पत्र - शीर्ष पर प्रिन्ट किया जाना चाहिए)

# भाग – 3

## (बोलिदाताओं के लिए अनुदेश)

**केंद्रीयमाध्यमिकशिक्षा बोर्ड**

**प्रीत विहार, दिल्ली -92**

निविदा सं।001/2015/भर्ती कक्ष दिनांक: 31/03/2015

## बोलिदाताओं के लिए अनुदेश

### 1. सामान्य अनुदेश

1.1 बोली/ निविदा दस्तावेज के उद्देश्य से,'कैंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड' के लिए 'सीबीएसई' और बोलीदाता /सफल बोलीदातके लिए'ठेकेदार' और /या बोलीदाता या आपस में अदल बदल कर, संदर्भित किया जाएगा।

1.2 सीलकिए हुएबोली दस्तावेज़ों कोनिर्धारिततिथि और समयपरमुख्यालयभवनमेंस्वागत कक्ष,पररखे गए निविदा बॉक्समेंडालदिया जाना चाहिए। निविदा दस्तावेजों को अनुभागअधिकारी, (भर्ती कक्ष),कमरा नं306, तीसरातल,कैंद्रीयमाध्यमिक शिक्षा बोर्ड, 2,सामुदायिक कैंद्र,प्रीतविहारदिल्ली 92-से, किसी भी कार्य दिवस पर, अपराहन 3.00 बजे से,अपराहन 5.00 बजे के दौरान, निविदा दस्तावेज के मूल्य के रूप में रूपये 1,000/- का भुगतान,''सचिव, सीबीएसई "के पार्टी मेंबैंक ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि दिल्ली में देय हो, कर के प्राप्त किया जा सकता है।

1.3 निविदा दस्तावेजों को इस कार्यालय की वेबसाइट www.cbse.nic.inसे भीडाउन लोडकिया जा सकता है। जो बोलीदाता कार्यालय की वेबसाइट से निविदा दस्तावेजों को डाउन लोड करना चाहते है, उनको बोली दस्तावेजों तथा अग्रिम जमा राशि के साथ साथ निविदा के मूल्य के रूप में रू.1000/- कीराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्रस्तुतकरनी चाहिए।

1.4 हालांकि, निविदा दस्तावेजों का प्रारूप बनाते समय त्रुटियों से बचने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है,फिर भी बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि इनकीसावधानीपूर्वक जांच कर ले। निविदा दस्तावेजों में बाद में पाई गई किसी भी प्रकार की त्रुटि के कारण किसी भी दावे को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

1.5 निविदा दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर मोहर लगाई जाएगी तथा निविदा प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा इन पर हस्ताक्षर किये जाएंगें, जो कि इस बात का प्रमाण होगा कि उसने / उन्होंने इसे देख लिया है और अनुबंध की विभिन्न शर्तों सहित उसने पूरी निविदा को स्वीकार कर लिया है। दस्तावेजों में से किसी पर भी इस प्रकार से हस्ताक्षर न किए जाने पर,किसी भी बोली को, सीबीएसई द्वारा अपने विवेक के आधार पर रद्द किया जा सकता है । **बोली के दस्तावेजों से किसी भी पृष्ठ को न तो हटाया जाना चाहिए / अलग नहीं किया जाना चाहिए ।**

1.6 बोलीदाता की ओर से हस्ताक्षर करने के अधिकार के प्रमाण स्वरूप, बोलीदाता द्वारा अधिकार पत्र / मुख्तारनामे की प्रति संलग्न की जानी चाहिए।

1.7 सभी बोलीदाताओंकोइस के द्वारा स्पष्ट रूप सेसूचित किया जाता है कि सशर्तप्रस्तावों याअनुबंध की शर्तोंसे विचलनवाले प्रस्तावों,न्यूनतमपात्रता मानदंडको पूरा न करने वाली बोलियों,अपेक्षितराशिप्रारूपपर अग्रिम जमा राशि रहित वाली तकनीकी बोलियों या निविदादस्तावेजोंमें निर्धारित की गई अन्य किन्हीं भी अपेक्षाओं को पूरा न करने वाली बोलियों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

1.8 बोलीदाता कंपनी को लिमिटेड / प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी ही होना चाहिए जो कि कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत हो । स्वामित्व वाली कंपनी / संयुक्त वेचर कन्सोर्टियम वाली कंपनी को बोली लगाने की अनुमति नहीं है।

1.9 बोली लगाने वाली पार्टियों में बोलीदाता (जिन्हें कार्य अधिनिर्णित किया गया है) तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली होगे।

1.10 अनुबंध के सभी प्रयोजनों के लिए, जिसमें इस के तहत मध्यस्था भी शामिल है, बोली में दिया गया बोलीदाता का पता अंतिम होगा बशर्ते कि बोलीदाता द्वारा पते में परिवर्तनकी सूचना एक अलग पत्र के द्वारा पावती के साथ पंजीकृत डाक से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षाबोर्ड कोनदे दी हो। बोलीदाताद्वारा उपरोक्त ढंगसेपते में परिवर्तनकी सूचना देने में हुई किसी भीप्रकारकीचूकयात्रुटिके परिणामोंके लिए, वह स्वयं पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा।

1.11 मानव शक्ति की आवश्यकताएं अनंतिम है तथा सीबीएसई के सक्षम प्राधिकारी के पूर्णतया विवेक के अनुसार बढ़ या घट सकती है।

## 2. न्यूनतम पात्रता मानदंड

बोलीदाताओं का तकनीकी रूप से चयन करते समय न्यूनतम पात्रता मानदंड निम्नानुसार होंगे -

क. **स्थान** : बोलीदाता का पंजीकृत या शाखा कार्यालय दिल्ली / नई दिल्ली में से किसी एक स्थान पर स्थित होना चाहिए।

ख. **कानूनी वैध अस्तित्व**:बोलीदाता का एकलिमिटेड कंपनीयाकिसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनीके रूप में,कंपनी अधिनियम, 1956के तहत पंजीकृत होना अनिवार्य है।संयुक्त वेचर / कन्सोर्टियम, स्वामित्व वाली, सांझेदारी फर्मों के रूप में बोलीदाताओं को बोली डालने की अनुमति नहीं है।बोलीदाताकी कानूनीवैधताकेसमर्थन में बोलीदाता द्वारा प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

ग. **पंजीकरण**: बोलीदाता का आय - कर विभाग के पास पंजीकृत होना चाहिए और साथ ही श्रम कानूनों, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, कर्मचारी राज्य बीमानिगम के पास भी पंजीकरण होना चाहिए।

घ. **क्लीरेंस**: बोलीदाता को बिक्री कर / सेवा कर विभाग तथा आय कर विभाग से भी कलीरेंस प्राप्त होनी चाहिए।इस आशय के समर्थन में संबंधित प्रमाण प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

ङ. **अनुभव**:

i) बोलीदाता के पास पिछले दो वर्षों के दौरान सरकारी मंत्रालयों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों /स्वायत निकायों में कम से कम 02 वर्ष कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।

ii) बोलीदाता के पास, सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों / बैंकों तथा सरकारी विभागों इत्यादि में मानव शक्ति उपलब्ध कराए जाने का कम से कम पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

च. **टर्नओवर :**बोलीदाता की पिछले दो वित्तीय वर्षों के दौरान कम से कम 2 करोड़ रूपये प्रति वर्ष की वित्तीय टर्नओवर होनी चाहिए।

### 2.1 न्यूनतमपात्रता मानदंड के समर्थन में दस्तावेज

(i) क्रम से।2 (क) पर दिए गए न्यूनतम पात्रता मानदंडों के पूरी तरह से पूरा करने के प्रमाण स्वरूप फर्मों / कंपनियों के संबंधित रजिस्ट्रार द्वारा जारी समामेलन के प्रमण पत्रों की सत्यापित प्रतियां.

(ii) क्रम से।2 (ग) पर दिए गए न्यूनतम पात्रता मानदंडों के पूरी तरह से पूरा करने के प्रमाण स्वरूप पैन (PAN), श्रम पंजीकरण, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पंजीकरण, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पंजीकरण की सत्यापित प्रतियां स्वीकार्य होगी.

(iii) क्रम से।2 (घ) पर दिए गए न्यूनतम पात्रता मानदंडों के पूरी तरह से पूरा करने के प्रमाण स्वरूप बिक्री कर / सेवा कर विभाग, आय कर विभाग से प्राप्त, पिछले दो वर्षों की विवारिणयों के कलीरेन्स प्रमाण पत्रों की सत्यपित प्रतियां स्वीकार्य होगी.

(iv) क्रम से।2 (ङ.) पर दिए गए न्यूनतम पात्रता मानदंड के पूरी तरह से पूरा करने के प्रमाण स्वरूपसरकारी मंत्रालयों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों /स्वायत निकायों / सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों / बैंकों तथा सरकारी विभागों इत्यादि में पूरे किए गए कार्य के लिए जारी किए गए अनुभव प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां स्वीकार्य होंगी.

(v) पूरेदो वित्तीय वर्षों अर्थात 2014-14 और 2014-15 के लिए अंकेक्षिततुलन पत्र की सत्यापित प्रतियां. हालांकि,वर्ष 2014 - 15के लिएअनंतिमतुलन पत्र की प्रमाणितऔरहस्ताक्षरित प्रतियां स्वीकार्य होगी।

(vi) पिछलीचार तिमाहियोंके संबंध मेंउपलब्धमानवशक्तिके समर्थन मेंमानवशक्तिकेमजदूरीकेरजिस्टर औरईपीएफओकेचालानोंकी सत्यापितप्रतियां(ईपीएफओको विधिवत्प्रस्तुत की हुई)स्वीकार्य होगी।

### 3. अग्रिम जमा राशि :

3.1 इसबोली के साथ दिल्ली में किसी भी अनुसूचित बैंक पर जारी मांग ड्राफ्ट / भुगतान आदेश के रूप में रू.1,00,000/- (रूपयेएकलाखमात्र)कीअग्रिमजमाराशि,जोकिप्रतिदाय (बिना ब्याज) होगी, लगी होनी चाहिए।

3.2 अग्रिम राशि याप्रतिभूति जमा के रूप में, पहले से जमा की गई राशि को या किसी भी पिछ्लेकामके संबंध मेंविभाग के पास लंबितकिसीभीबिल की राशि के समायोजनके लिएकिसी भी अनुरोधकोस्वीकार नहीं किया जाएगा।

3.3 बोलीदाताओंकोउनके प्रस्ताव कोवापस लेनेया इनकेनियमों और शर्तों कोसंशोधित करने कीअनुमति नहीं दी जाएगी।यदि कोई बोलीदाता, इनका अनुपालन करने तथा मामले मेंनिर्धारितशर्तोंका पालन करने में विफल रहता है यादरें उद्धृत करने के बाद पीछे हटता है तो सरकार द्वारा उक्त बोली की प्रतिभूति राशि को जब्त कर लिया जाएगा।

3.4 अग्रिम राशि के बिना बोलियों को सरसरी तौर पर ही निरस्त कर दिया जाएगा।

3.5 अग्रिम जमा राशि या प्रतिभूति जमाराशि के मूल्य में कमी होने या इस पर ब्याज के संबंध में सरकार / विभाग के किसी भी दावे को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

3.6 बोली प्रतिभूति राशि को निम्न अवस्थाओं में जब्त कर लिया जाएगा:

(i) बोली आमंत्रणकर्त्ता द्वारा बोली फार्म में निर्दिष्ट बोली की वैधता अवधि के दौरान यदि बोलीदाता अपनी बोली वापस ले लेता है; या

(ii) सफल बोलीदाता के मामले में, यदि बोलीदाता

(क) निविदा दस्तावेज के अनुसार अनुबंध पर हस्ताक्षर करने में विफल रहता है तो,

(ख) सीबीएसई द्वारा निर्दिष्ट समय सीमा के अंदर, निविदा दस्तावेज की शर्तों के अनुसार, कार्य निष्पादन हेतु अपेक्षित प्रतिभूति को प्रस्तुत करने में यदि बोलीदाता विफल रहता है.

(ग) बोलीदाता,सेवाओं या इस के किसी भी भाग को, उस के द्वारा उद्धृत दरों पर पूरा करने में विफल रहता है या इससे इंकार कर देता है।

## 4. बोलियों की वैधता

4.1 बोलियों के जमा किए जाने की अंतिम तिथि से 90 दिन तक बोलियां वैध रहेगी तथा स्वीकार किए जाने के लिए खुली रहेंगी।

4.2 यदि सीबीएसई परक्रामण के लिए बोलिदाताओं को आमंत्रित करता है तो इसे बोलियों के मूल प्रस्ताव को निरस्त या इनकी निकासी नहीं माना जाएगा तथा मूल प्रस्ताव को बोलीदाता पर बाध्यकारी माना जाएगा।

4.3 सीबीएसई को अधिकार होगा कि वह बिना कोई संशोधन किए तथा बिना कोई कारण बताएं इस अवधि को 60 दिन के लिए आगे बढ़ा दे।

## 5. बोलियों को तैयार करना

5.1 **भाषा :**बोलियां तथा इस के साथ संलग्न सभी दस्तावेज अंग्रेजी या हिन्दी में होंगे.

5.2 **तकनीकी बोली**: तकनीकी बोली को निविदा दस्तावेज में दिए गए अनुदेशों के अनुसार, समस्त अपेक्षित सूचना के साथ, न्यूनतम पात्रता मानदंड़ों के समर्थन में दस्तावेजों, अपेक्षित राशि की वैघ अग्रिम जमा राशि के साथ तैयार किया जाना चाहिए।

**बोली में शामिल दस्तावेज :**

क. कंपनी के पत्र शीर्ष पर मुद्रित तथा विधिवत् हस्ताक्षरित तकनीकी बोली जमा फार्म (भाग 1).

ख. निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर तथा मोहर लगी हो.

ग. सम्पर्क विवरण फार्म, विधिवत् भरा हुआ तथा हस्ताक्षरितहो (भाग 6.1)

घ. वित्तीय क्षमता फार्म – विधिवत् भरा हुआ, हस्ताक्षरित और मोहर लगा हुआ हो (भाग 6.2)

ङ. अग्रिम जमा राशि रू. 1,00,000/-

च. भाग- 2 (उपरोक्त पैरा 2 तथा 2.1) में,दिए गए न्यूनतम पात्रता मानदंड़ोंको समस्त प्रकार से पूरा करने के प्रमाण स्वरूप, इसके समर्थन में सभी दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां।

तकनीकी बोली को एक पृथक सीलबंद लिफाफे में रखा जाना चाहिए जिस पर बोलीदाताके नाम व पते के साथ " निविदा सं।418/GS/52011दिनांक06.09.2011**(गलत सूचना,कृपया जांच लें)** के लिए तकनीकी बोली" लिखा हो।

5.3 **वित्तीय बोली**: बोलीदाता को चाहिए कि वह निविदा दस्तावेज (भाग 7) में दी गई मूल्य अनुसूची में वित्तीय बोली को तैयार करें।तत्पश्चात, वित्तीय बोली को एक पृथक सीलबंद लिफाफे में रखा जाए जिस पर बोलीदाताके नाम व पते के साथ " निविदा सं. ।001/2015/भर्ती कक्ष दिनांक 31.03.2015 के लिए वित्तीयबोली" लिखा हो।

## 6. बोलियों का प्रस्तुततिकरण

6.1 बोलीदाताद्वारा एक सील बंद लिफाफे के अंदर,दोअलग अलग-सीलबंदलिफाफोंमें, (ii) तकनीकी बोलीऔर (ii) वित्तीयबोली, जिनके लिफाफे के ऊपर यह साफ - साफ लिखा हो,तैयार किया जाएगा औरदोनों लिफाफों को एक अन्य सील बंद लिफाफे मेंरखा जाएगा तथा इस पर विधिवत् तदनुसार अंकित किया जाएगा।

6.2 बोली,सचिव,केद्रीयमाध्यमिक शिक्षा बोर्ड,2,सामुदायिक केंद्र,प्रीतविहार,दिल्लीको संबोधित होगी तथा इसे अधिकतम 10/04/2015को15:00बजे तक निविदा बॉक्स में डाल दिया जाना चाहिए.

6.3 बोलियों को निर्धारिततिथि और समयतक स्वागत कक्ष,मुख्यालयभवनमें रखेनिविदा बॉक्स में डाल दियाजाए।उपरोक्त तिथि एवं समयके पश्चात् किसी भी बोली को स्वीकार नहींकिया जाएगा।

6.4 **देर सेप्राप्तबोलियां** :उपरोक्तनिर्धारित किए गए अनुसार,बोलियों को जमा करने के लिए निर्धारित समय सीमा के पश्चात्,प्राप्त होने वालीकिसी भी बोली पर विचार नहीं किया जाएगाऔरइन्हेंबोलीदाता को, बिना खोले,लौटा दिया जाएगा।

## 7. बोली खोलने की प्रक्रिया

7.1 तकनीकी बोलीकोदिनांक 10/04/2015 को 16.00 बजे, बोर्ड के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिकृत समिति के द्वारा, उपस्थित रहने के इच्छुक बोलीदाताओंया उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में,केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षाबोर्ड, दिल्ली केसमिति कक्षमेंखोला जाएगा।

7.2 जिन बोलीदाताओं की तकनीकी बोलियोंयोग्य पाई जाएंगी,केवल उन्हीं बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियों को, इस प्रयोजन के लिएअधिकृतसमिति द्वारा,खोला जाएगा।वित्तीयबोलियों को खोलने की तिथि, समय औरस्थान की सूचना तकनीकी रूप से योग्य पाई गईबोलियों के बोलीदाताओं को दी जाएगी

7.3 बोलीदाताओं के प्रतिनिधियों को,बोलियों को खोलने से पहले, एक प्राधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।

7.4 बोलीदाता या उनके प्रतिनिधि की गैर हाजिरी में,निविदा खोलने की वैघता पर कोई प्रभाव नहीं होगा।

7.5 सभी उपस्थित बोलीदाताओं या उनके प्रतिनिधियों द्वारा, बोली के सही होने के प्रमाण स्वरूप, मुख्य बोली लिफाफे के ऊपर हस्ताक्षर करने अपेक्षित होंगे।

7.6 तकनीकी बोलीकोखोलने औरअग्रिम जमा राशि के सत्यापन करनेके बाद,तकनीकीबोलियों का मूल्यांकन बाद में किया जाएगा ताकि निविदा दस्तावेजमेंनिर्दिष्ट किए गए अनुसार बोलीदाताओं के द्वारा न्यूनतमपात्रतामानदंडों को पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जा सके।

7.7 बोलीदाता या उसके प्रतिनिधि द्वारा बोली के लिफाफे पर हस्ताक्षर करने से मना किए जाने पर, निविदा खोलने वाली समिति के निर्णय के आधार पर, उसकी बोली को अयोग्य ठहराया जा सकता है।

7.8 प्रारंभिक संवीक्षा अर्थात अग्रिम जमा राशि के आधार पर निविदा खोलने वाली समितिद्वारा बोली को वैध या अवैघ घोषित किया जाएगा।हालांकि,विस्तृत मूल्यांकनकेवल वैधबोलीके संबंध मेंकिया जाएगा।

7.9 बोली लगाने वालेया उसके प्रतिनिधिके उपस्थित होने परअवैघ बोलियों को,मौके पर हीवापस कर दिया जाएगा।अन्य मामलों में,बोलियोंको,निविदा खोलने वाली समितिकीटिप्पणियों के साथउनकेउपलब्धपते परस्पीड पोस्टसेभेज दियाजाएगा।

7.10 बोलियोंको खोलने के लिए निर्धारिततिथि को, यदि सरकारद्वाराबाद में अवकाश घोषित कर दिया जाता हैतोसंशोधिततिथि- अनुसूची को अधिसूचित किया जाएगा।हालांकि, इस तरहकीअधिसूचनाके अभाव में, बोलियों को अगली कार्यतिथि को, उसी समय और स्थान परखोला जाएगा।

## 8. तकनीकी बोली के मूल्यांकन के बारे में स्पष्टीकरण

8.1 तकनीकीबोलियांका मूल्यांकन,बोली लगानेवालोद्वारा प्रस्तुतउपलब्धदस्तावेजोंके आधार पर किया जाएगा।बोलियो को जांचने,मूल्यांकन करने और बोलियों की तुलना तथा बोलीदाताओं कीयोग्यतामें सहायताकरने के लिए,सीबीएसई,अपने विवेक से,किसी भी बोलीदाता से उसकी बोलीकेबारे में स्पष्टीकरण के लिएकहसकती हैं।किसी भी बोलीदाताद्वारा प्रस्तुतकिसी भी प्रकार के ऐसे स्पष्टीकरण को, जो सीबीएसई केअनुरोध के अनुसार न हो, पर विचार नहीं किया जाएगा।स्पष्टीकरणऔरप्रतिक्रिया के लिए,सीबीएसईद्वारा अनुरोधलिखित मेंकिया जाएगा।

8.2 यदि किसी बोलीदाता द्वारा अपनी बोली के संबंध में, सीबीएसई के स्पष्टीकरण हेतु किए गए अनुरोध में दी गई तिथि और समय में स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है तो ऐसे बोलीदाता की बोली को निरस्त किया जा सकता है।

8.3 सीबीएसई के पास यह अधिकार भी सुरक्षित है कि वह बोलीदाता द्वारा बोली के समर्थन में, वाक्यांश 2.1 के अनुसार प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की पुष्टि / स्पष्टीकरण जारीकर्त्ता एजेंसी से कर ले।

## 9. तकनीकी बोली मूल्यांकन (पृथकीकरण प्रकार से)

9.1 सीबीएसई द्वारा दोहरी बोली प्रणाली का अनुपालन किया जाएगा जिस में तकनीकी बोली तथा वित्तीय बोली का मूल्यांकन अलग अलग किया जाएगा।

9.2 निविदा का मूल्यांकन, तकनीकी मूल्यांकन के 60% भार के आधार पर तथा वित्तीय मूलयंकन के 40% भार के आधार पर किया जाएगा।

9.2.1 तकनीकी बोली का मूल्यांकन निम्न मानदण्डों के आधार पर किया जाएगा:

9.2.2 तकनीकी मूल्यांकन के स्तर के दौरान, प्रत्येक बोलीदाता को नीचे दिए गए मानदंडों के अनुसार, कुल 100 अंकों में से अलग अलग अंक दिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(i)** | **कार्य करने के वर्षों की संख्या** | | **अधिकतम 25 अंक** |
| | (क) | 5 वर्ष से कम | 00अंक |
| | (ख) | 5 से 10वर्ष | 10अंक |
| | (ग) | 10से15वर्ष | 15 अंक |
| | (e) | 15वर्ष तथा इस से ऊपर | 25 अंक |
| **(ii)** | **टर्नओवर (पिछला वित्तीय वर्ष)** | | **अधिकतम 25 अंक** |
| | (क) | 2 करोड़ से कम | 00अंक |
| | (ख) | 2से5करोड़ | 10 अंक |
| | (ग) | 5 से 10करोड़ | 15 अंक |
| | (घ) | 10 से 15करोड़ और इस से ऊपर | 25 अंक |
| **(iii)** | **रजिस्टर पर मानव शक्ति की संख्या 1** | | **अधिकतम25 अंक** |
| | (क) | 500 से कम | 05 अंक |
| | (ख) | 500 से 1000 | 10अंक |
| | (ग) | 1000 से 1500 | 15अंक |
| | (घ) | 1500 तथा इस से ऊपर | 25 अंक |
| **(iv)** | **गुणवत्ता संबंधी अंक** | | **अधिकतम 25 अंक** |
| | (क) | आई एस ओ (5 वर्ष से कम) | 05 अंक |
| | (ख) | आई एस ओ (5 से 10वर्ष) | 10 अंक |
| | (ग) | एस ए 8000 | 05 अंक |
| | (घ) | OHSAS 18001 | 05 अंक |

9.2.3 किसी भी बोलीदाता को तकनीकी मूल्यांकन में योग्य बोलीदाता बनने के लिए अनिवार्य रूप से कम से कम 60% अंकअर्थात पैरा 9.2.2के अनुसारकुल100 अकों में से60अंकप्राप्त करने चाहिए ताकि वह तकनीकी वेटेज के आधार पर और बाद मेंवित्तीयबोलियोंको खोलने के लिए पात्रता प्राप्त कर सके।

9.2.4 तकनीकीबोलीमेंकिसीभी बोलीदाताद्वारा प्राप्तकुलअंकों में से (9.2.2 केअनुसार)तकनीकीवेटेजका 60% भार औरवित्तीयवेटेज का 40% भारआवंटित किया जाएगा और इस तरह से पूरी बोली लगाने के लिए कुल 100 % वेटेजबन जाएगी।

***उदाहरण 1 ( तकनीकी वेटेज के लिए)***

*यदि किसी बोलीदाता को तकनीकी मूल्यांकन में कुल 100 अंक में से 80 अंक प्राप्त होते है तो पैरा 9.2.2 का अनुपालन करने पर, उसका **तकनीकी मूल्यांकन मूल्य 48 होगा** अर्थात (80 x 60%)*

9.2.5 तकनीकी मूल्यांकन के दौरान विचार किए जाने के लिए बोलीदाता को पैरा2.1 में दिए गए दस्तावेजी साक्ष्यों के अतिरिक्त 9.2.2 के समर्थन में संबद्ध दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों को प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

9.3 कोई भी वास्तविक **जवाबदेह बोली** वह होगी जिसमें बोली से संबंधित अपेक्षित दस्तावेजों को समग्र रूप में अर्थात **पैरा 9 की प्रक्रियाओं के अनुपालन** द्वारा **पूरा किया गया** हो।निविदादस्तावेजोंके अनुसारन्यूनतम आवश्यकताओंको पूरा नहीं करने वालीतकनीकीबोलीको निरस्तकर दियाजाएगाऔर उसके वित्तीयप्रस्तावों को, बिना खोले,वापस कर दिया जाएगा।

(ii) बोलीकी जवाबदेही अर्थात प्राधिकार पत्र के साथ पूरे फार्म विधिवत् भरे हुए, हस्ताक्षरित तथा स्वीकृत बोली के दस्तावेज हो।

(iiii) स्वीकार्य प्रारूप पर अपेक्षितराशि सहित वैध अग्रिम जमा राशि की प्राप्ति।

(iii)न्यूनतमपात्रता मानदंडको पूरा करने के प्रमाण स्वरूप दस्तावेज. (ivv)निविदाके अनुसार,बोलीदाता की जवाबदेहीके समर्थनमेंअपेक्षितअन्य कोईदस्तावेज।

9.4 तकनीकी मूल्यांकनके दौरान योग्यपाए गए बोलीदाताको ही वित्तीयबोलियोंको खोलने के समय बुलाया जाएगा।सीबीएसईद्वाराबोलीदाताओं को वित्तीयबोली खोलनेके लिएसमय /स्थान की सूचना लिखित में दी जाएगी।

## 10. वित्तीय बोली खोलने की प्रक्रिया

10.1 तकनीकी रूप सेयोग्य सभीबोलीदाताओंकीवित्तीय बोलियोंको,योग्यबोलीदाताओं / उनके अधिकृत प्रतिनिधियों, जो वित्तीय बोलियां खोलने के समय उपस्थित रहने के इच्छुक होगें,की उपस्थिति में, नियत तिथि और समय पर खोला जाएगा।

10.2 तकनीकी रूप से योग्यबोलीदाताओं/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को, जो वित्तीय बोलियोंके खोलनेके समय उपस्थितहोंगे, को अपनी कंपनियों से अधिकारपत्रप्रस्तुत करना अपेक्षित होगा और इन्हें वित्तीय निविदाबोली वाले सभीमोहरबंदलिफाफोंपरहस्ताक्षर करने के लिएकहा जाजाएगा.

10.3 इस बारे में किसी भी प्रकार की आपत्ति करनेवाले बोलीदाता को अयोग्य माना जाएगा और उसकी वित्तीय बोली को उसी समय वापस कर दिया जाएगा।

10.4 बोलिदाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की गैर हाजिरी से, प्रक्रिया की वैधता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

10.5प्रत्येकबोलीदाताकेवित्तीयबोलीप्रस्तुत करने केफार्म में दिए गए प्रशासनिक प्रभार को मौके पर हीपढ़ा जाएगा,हालांकि, यहस्पष्ट रूप सेकहा जाता है कि अंतिमप्रशासनिक प्रभारोंपर, वित्तीय बोली की विस्तृत संवीक्षा /अंकगणितीयत्रुटि में सुधार करने के पश्चात् ही,पहुंचाजाएगा।

10.6 वित्तीय बोली की संवीक्षा करने से पहले, मात्र सबसे कम बोली लगानेवालेबोलीदाता कोयह अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता कि वह स्वयं के बारे में बोली प्रक्रिया में सफल बोलीदाता का दावा करे।सफल बोलीदाता (L1) का निर्णय पैरा 11 में वर्णन की गई देय प्रक्रिया का अनुपालनकरने के बाद ही लिया जाएगा।

## 11. वित्तीय बोली का मूल्यांकन तथा सफल बोलीदाता का निर्धारण

11.1बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे वित्तीय मूल्यांकन के लिए वित्तीय बोली में अपने प्रशासनिक प्रभारों को प्रतिशत में उद्धृत करें।

11.2 इसके लिए,वित्तीय मूल्यांकन किया जाएगा और सभी बोलीदाताओं की बोलियों को 40% वेटेज दी जाएगी।

11.2 निम्नतम प्रशासनिक प्रभारों वाले बोलीदाता (L1) को पूरे 40 अंकदिए जाएंगे (अर्थात40% × प्रशासनिक प्रभार) और उसकी बोली द्वारा प्राप्त कुल अंक नीचे दिए गए उदाहरण 2 के अनुसार होगे:

***उदाहरण 2***

यदि कोई बोलीदाता *उदाहरण 1 के अनुसार L1 बोलीदाता है तथा L1 के 5% प्रशासनिक प्रभार उद्धृत करता है तो उसको प्राप्त कुल वैल्यू 88 अर्थात (तकनीकी वैल्यू 48 + वित्तीय वैल्यू 40) होगी।*

11.3 अन्य बोलीदाताओं (अर्थातL2,L3,...और अन्य) के वित्तीय अंकों की गणना निम्नानुसार और नीचे उदाहरण 3 में वर्णन किए गए अनुसार की जाएगी:

40 ×निम्नतम वैल्यू (L1प्रशासनिक प्रभार) / उद्धृत वैल्यू (L2याL3..)

***उदाहरण 3***

यदि उदाहरण 1 में बोलीदाता *L2 बोलीदाता है और वह @ 8% प्रशासनिक प्रभार उद्धृत करता है तो इस प्रकार से भारित वैल्यू 40% होने पर,L2 के वित्तीय स्कोर की गणना निम्नानुसार की जाएगी:*

*40 ×5 (L1 के निम्नतम प्रशासनिक प्रभार)/ 8 (उद्धृत प्रशासनिक प्रभार– L2) = 25 (वित्तीय स्कोर)*

*इस प्रकार से, L2 बोलीदाता की कूल वैल्यू 73 (तकनीकी वैल्यम 48 +वित्तीय वैल्यू 25) होगी।*

11.4 बोलीदाताओंके क्रम को, प्रत्येक बोलीदाता द्वारा तकनीकी मूल्यांकन तथा वित्तीय मूल्यांकन, दोनों में, प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर बनाया जाएगा

11.5 न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले तथा उच्चतम अंक / क्रम (अर्थात तकनीकी मूल्यांकन के अंकों और वित्तीयमूल्यांकनअंकों के कुलअंकों)वाले बोलीदाता को सफलबोलीदाता के रूप मेंमाना जाएगा औरआगे की प्रक्रियाके लिएउसके नाम पर पात्रएल1बोलीदाताके रूप में विचार किया जाएगा।

11.6 शब्दों तथा अंकों के बीच विसंगति पाए जाने पर शब्दों में दी गई राशि को प्रभावी माना जाएगा।

## 12. स्वीकृति का अधिकार:

12.1 केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पास अधिकार सुरक्षित है कि वह उन बोलीदाताओं सहित किसी भी उस बोलीदाता की बोली को, बिना कोई कारण बताए, चाहे जो भी हो,निरस्त कर दें जो अनुदेशों का अनुपालन करने में विफल रहे हो और सबसे कम या विशिष्ट बोलियों में से किसी भी बोली को स्वीकार करने के लिए स्वयंको बाध्य नहीं करता।इस बारे में,सचिव, सीबीएसई,का निर्णयअंतिम और बाध्यकारी होगा.

12.2 बोलीदाता द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करने में की गई किसी भी विफलता और कार्य हेतु किसी भी प्रकार से याचना का प्रयास करने पर उसकी बोलीको निरस्त किया जा सकेगा।

12.3 सचिव, सीबीएसई को अधिकार होगा कि वह स्वविवेक से, किसीभी सफल एजेंसी(यों) को कोई भी एक या इसका भाग या पूर्ण अनुबंध अधिनिर्णित कर दें और यह सभी बोलीदाताओं पर बाध्यकारी होगा।

12.4 जिस एजेंसी को अनुबंध अधिनिर्णित किया गया है,उसके द्वारा नियमों तथा शर्तों केप्रावधानों का अनुपालन न किए जाने पर, सचिव, सीबीएसई के पास अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह अनुबंध को अगले उच्चतम बोलीदाता को या किसी अन्य बाहरी एजेंसी को अधिनिर्णित कर दे और इस कारण से हाने वाली अंतर की राशि को उस चूककर्त्ता एजेंसी से वसूल कर ले, जिसे आरंभ में कार्य आवंटित किया गया था और यह सभी बोलीदाताओं पर बाध्यकारी होगा।

12.5 यदिकिसीसरकारी विभाग / संस्थान /स्थानीय निकाय /नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार को किसी गत अवसर पर प्रतिबंधित सूची में डाला गया पाया जाता है तो केंद्रीय माध्यमिक शिक्षाबोर्डअनुबंध कोसमाप्त कर सकता है।

## 13. 'स्वीकृति पत्र' जारी करके अधिनिर्णय की अधिसूचना देना'

13.1 सफलमूल्यांकितबोलीदाताका निर्धारण करनेके पश्चात्,सीबीएसई द्वारादो प्रतियों में स्वीकृति पत्र (LoALOA) जारी किया जाएगा, जिसकी एक प्रति अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता के द्वारा विधिवत् पावती, स्वीकृति करके तथा हस्ताक्षर करके, पत्र प्राप्ति केतीन दिनके भीतर,सीबीएसईकोवापस भेजीजाएगी।

13.2 बोलीदाता को स्वीकृति पत्र जारी करना इसके एक अभिन्न अंगके रूप में माना जाएगाऔर यह इसे अनुबंधके लिए बाध्यकारी माना जाएगा।

13.3 स्वीकृति पत्र को जारी करने और नोटिस जारी करने के बीच लगने वाले समय के दौरान ठेकेदार द्वारा श्रम शक्तिकेजुटाने पर रोक नहीं होगी।

## 14. अग्रिम जमा राशि (बोली की प्रतिभूति राशि) को वापस करना

14.1 तकनीकी बोलीमूल्यांकनकेचरण मेंअसफलबोलीदाताओंकीअग्रिम जमा राशिको पात्र वित्तीय बोलियों के खुलने के सात (07) दिन के भीतर, खोली न गई उनकी वित्तीय बोलियों के साथवापस कर दिया जाएगा।

14.2 वित्तीयबोलीमूल्यांकनकेचरण मेंसफल बोलीदाता को अनुबंध अधिनिर्णित करने के पश्चात्,असफलबोलीदाताओंकी अग्रिम जमा राशि को सात (07) दिन के अंदर वापस कर दिया जाएगा।

14.3 निविदाको रद्द किए जानेके मामले में,सभी बोलीदाताओं की अग्रिम जमा राशि को,बोलियों के खुलने के बाद तथा वित्तीय बोलियों कोखोलने से पहले, उनकी खोली न गई वित्तीयबोलियोंके साथ, वापसकर दिया जाएगा।

# भाग – 4

## “अनुबंध की सामान्य शर्तें”

## (GCC)

# केंद्रीयमाध्यमिकशिक्षा बोर्ड

## प्रीत विहार, दिल्ली -92

निविदा सं।001/2015/भर्ती कक्ष दिनांक: 31/03/2015

### 1. परिभाषाएं

#### 1.1 सामान्य

अनुसूचियों सहित इस अनुबंध में निम्नलिखित शब्दों तथा अभिव्यक्तियों से तात्पर्य, इस अनुसूची में दिए गए उनके अर्थ के अनुसार (बशर्ते कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो) होगा।

| | |
|---|---|
| "करार" | "करार" और "अनुबंध" शब्द को एक दूसरेके स्थान पर प्रयोग किया गया है। |
| "पार्टी" | पार्टी से तात्पर्य सफल बोलीदाता, जिसे मानव शक्ति सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य दिया गया है और सीबीएसई "केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड" से है. |
| स्वीकृति पत्र | से तात्पर्य सीबीएसई के इस उद्देश्य से है कि वह अपने परिसर में मानव शक्ति उपलब्ध कराने के लिए सफल बोलीदाता को कार्य सौंपना चाहता है। |
| आगे बढ़ने की नोटिस | से तात्पर्य उस तिथि से है जिस तिथि से सीबीएसई के परिसर में मानव शक्ति सेवाएं प्रदान करना शुरू किया जाना है। |
| 'गोपनीय सूचना' | से तात्पर्य उस सूचना से है जो कि सामान्यतया पता नही होती और जिसे अनुबंध अवधि के दौरान प्राप्त किया / पाया जाता है और जो कि प्रत्यक्ष रूप से सीबीएसई के व्यवसाय / सम्पत्तियों से संबंधित होती है और जिसमें वाणिज्यिक मूल्य वाली सूचना शामिल होती है। |
| समाप्ति की तिथि | से तात्पर्य किसी एक पार्टी द्वारा किसी अन्य पार्टी को दी गई समाप्ति की सूचना में दी गई तिथि से है जिस तिथि से अनुबंध को समाप्त माना जाएगा। |
| समाप्ति की सूचना | से तात्पर्य किसी एक पार्टी द्वारा किसी अन्य पार्टी को दी गई समाप्ति की सूचना से है। |
| ठेकेदार | से तात्पर्य सफल बोलीदाता से है जिसे सीबीएसई के परिसर में मानव शक्ति उपलब्ध कराने का कार्य सौपा गया है। |

## 1.2 गोपनीयता

1.2.1 ठेकेदार,किसी भीगोपनीय जानकारी के रहस्य का उदघाटन करने और / या किसी भी गोपनीय सूचना को किसी अन्य पार्टी को देने, सीबीएसई के स्वामित्व वाली सूचना या सुरक्षाव्यवस्था (जिसमें समनुदेशित अनुदेश, अनुसूचियां तथा अन्य तदुपरांत वाले करार शामिल है, परंतु इन तक यह सीमित नहीं है) और / या सीबीएसई के बारे में सूचना केस्वामित्व की जानकारीका खुलासान करने हेतु सभी सावधानियां बरतेगा।उसका दायित्व किसी कार्य क्षेत्र तक सीमित नहीं है और सीबीएसईके बारे में जानकारी की गोपनीयता को भंग करने के मामले में ठेकेदार को उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

1.2.2 यदि ठेकेदार से प्रेसटेलीविजन /रेडियो /मीडिया /समाचार /याअन्य किसीनिकाय / व्यक्तियोंद्वारापूछताछकी जाती है ऐसी पूछताछ किए जाने संबंधी सूचना प्राप्त होते ही ठेकेदार, इसकी सूचना तत्काल सीबीएसई को देगा।

## 2. निष्पादन बैंक गारंटी (प्रतिभूति जमा)

2.1 सफल बोलीदाता को स्वीकृति पत्र की स्वीकृतिके पंद्रहदिनों के अंदर,किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंकद्वाराबैंक गारंटी के रूप में जारी निष्पादन गारंटी निष्पादित करनी होगी जो कि स्वीकार्य अनुबंध के मूल्य के 10% के बाराबर राशि की होगी तथा सचिव, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली के पार्टी में होगी तथा दिल्ली में देय होगी।

2.2 बैंक गारंटीको,अनुबंध के किसी भीनियम या शर्त के उल्लंघनयालापरवाहीयाअनुपालन न किए जाने की स्थिति मेंयाअसंतोषजनककार्य करने या कामके आदेश को स्वीकार न किए जाने पर सचिव,केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षाबोर्डके आदेश सेजब्तकिया जा सकता है।अनुबंध की समाप्ति पर,फर्म केबिलोंमेंसे किए गएकिसी भी गलतयाअतिरिक्तभुगतान को कवरकरने के लिए पर्याप्त मानी गई राशि के बराबर राशि को उक्त बैंक गारंटीसेकेन्द्रीय माध्यमिक शिक्षाबोर्ड द्वारा रोकने पर,तब तक के लिए विचार किया जा सकता है जब तक कि फर्म के बिलों के खाते पर अंतिम लेखा - परीक्षा रिपोर्टप्राप्त न हो जाए औरइसकीजांच न कर ली जाएं.

क) यदि ठेकेदार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षाबोर्ड केसक्षम प्राधिकारीद्वाराप्रतिभूतिराशि को जमाकरने के लिएबुलाया जाता है और ठेकेदारविनिर्दिष्टअवधि के अंदर प्रतिभूति राशि उपलब्ध कराने में विफल रहताहैतो ऐसी विफलता को अनुबंध का उल्लंघनमाना जाएगा औरकेंद्रीय माध्यमिक शिक्षाबोर्ड को अधिकार होगा कि वह ठेकेदार के जोखिम,उसकीलागत और व्यय पर अन्यव्यवस्था करले।

ख) उचित कार्य निष्पादन औरअनुबंध के सभी दृष्टियों से पूरा होने पर,विनिर्देशनों, नमूनों तथा क्रेता से संबंधित तथा ठेकेदार को जारी की गई किसी भी प्रकार की सम्पत्ति को वापस करने और निर्धारित फार्म पर सम्पूर्ण मांग पत्र प्रस्तुत करने पर, ठेकेदार को प्रतिभूति जमा राशि, बिना ब्याज के, वापस कर दी जाएगी

**3. कार्यवाही करने का नोटिस**

स्वीकृति पत्र को स्वीकार करने और सफल बोलीदाता से कार्य निष्पादन बैंक गारांटी प्राप्त कर लेने पर, सीबीएसई द्वारा 'कार्यवाही करने का नोटिस' ठेकेदार को जारी किया जाएगा, जिसके द्वारा उसे विर्निदिष्ट स्थल पर कार्यालय में मानव शक्ति उपलब्ध कराने के लिए अधिकृत किया जाएगा।

**4. अनुबंध केकरार पर हस्ताक्षर करना**

4.1 सफल बोलीदाता द्वारा सेवाएं प्रदान करना आरंभ करने से पहले करार के अनुच्छेदों के अनुसार अनुबंध का करार किया जाएगाऔर उसके द्वारा इसकोनिष्पादित औरहस्ताक्षरकिए जाएंगे।

4.2 सीबीएसईद्वारा इस दस्तावेज में शामिल प्रारूप के अनुसार,करार के अनुच्छेदों का प्रारूप तैयार किया जाएगा जिस में दोनों पक्षों के बीचसमझौते कीसभी शर्तोंको शामिल किया जाएगा और इसे दो प्रतियों में, सफल बोलीदाता को,उसकीसहमतिके लिए भेजा जाएगा।

4.3 सफल बोलीदाताद्वाराकरार के अनुच्छेदों के प्रारूप की विधिवत् सहमित प्राप्त प्रतियों को,सीबीएसईसे करार के अनुच्छेदों के प्रारूप की प्राप्ति केदो (02) दिनों के अंदर,सही मूल्य के स्टाम्प पेपर परविधिवत मुद्रित करके, जहां पर अनुबंध को निष्पादित कराया जाना है, उस स्टाम्प पेपरों के रजिस्ट्रार के द्वारा विधिवत् निर्णय किया जाना है, को भेज दिया जाएंगा.

4.4 सीबीएसई के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुबंध के करार पर हस्ताक्षर किए जाएगें और इस की एक प्रति सफल बोलीदाता को वापस भेज दी जाएगी।

**5. सीबीएसई द्वारा अपेक्षित सेवाएं**

5.1 ठेकेदारद्वारा इस के साथ दिए गए विवरणके अनुसार,सीबीएसईके परिसरमें या सीबीएसई द्वारा अपेक्षित किसी अन्य जगह पर,मानवशक्तिसेवाएं प्रदानकी जाएगी, जिसे अनुबंध की विशेष शर्तों, समनुदेशननिर्देशोंऔरअपेक्षाओं की अनुसूचीके साथ पढ़ाजाएगा।

5.2 बोलीप्रक्रिया के दौरान सीबीएसईऔरठेकेदार के बीचहुईसहमति के आधार पर,सीबीएसईद्वारा प्रभारों का भुगतानकिया जाएगा।बोली प्रक्रिया का समापन होने पर,राशिको अंतिम रूप देनेके बाद,प्रभारों की अनुसूची करार के अनुच्छेदों के साथ संलग्न कर दी जाएगी।

5.3 ठेकेदारद्वारा सीबीएसई के परिसर में मानव शक्ति को अपनीपूर्णसंतुष्टि केअनुसार प्रदान किया जाएगा और यहठेकेदार का एकमात्र दायित्वहोगा कि कार्य का निष्पादन पूर्ण रूप से ठेकेदार के दायित्वों के अनुरूप ही पूरा किया जाए।

## 6. सेवाएं प्रदान करना आरंभ करना

अनुबंध कानूनी रूप से केवल तभी बाध्यकारी और प्रभावी होगी जब :

6.1 निष्पादन बैंक गारंटी वाक्यांश 2 (भाग 4) के अनुसार प्रस्तुत कर दी गई हो।

6.2 ठेकेदार द्वारा सीबीएसई के परिसर में मानव शक्ति सेवाएं प्रदान करने के लिए कार्यवाही करने के नोटिस की प्राप्ति से 30 दिन के अंदर, जैसाकि वाक्यांश 3 (भाग 4) में दिया हुआ है, आरंभ की जाएगी।

## 7. ठेकेदार के दायित्व

7.1 ठेकेदारद्वारासीबीएसई के परिसर में मानव शक्ति सेवाएं कार्य अनुसूची / अपेक्षाएं (भाग 4) के अनुसार प्रदान की जाएंगी जिन्हें सीबीएसईद्वाराअनुबंध की अवधि के दौरान,समयसमय परसंशोधितकिया जा सकताहैऔर इसे हमेशाकरारका अभिन्न अंगमानाजाएगा।सीबीएसई द्वारासमय समय पर,प्रदान किए गए समनुदेशनों का ठेकेदारद्वारापालन किया जाएगा।

7.2 ठेकेदारद्वारायहां पर मानव शक्ति प्रदान करने के लिए, अपने समरूप तथा प्रशिक्षित कार्मिकों के द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएंगी औरये लगाए गए कार्मिक,ठेकेदारके कर्मचारी होगे और सीबीएसईका इनके प्रति किसी भी प्रकार का कोई भी उत्तरदायित्वनहीं होगाऔर ठेकेदार द्वारा इनके सभी वैधानिक दायित्वों (जैसे कि कर्मचारी राज्य बीमा, भविष्य निधि आदि) का भुगतानकिया जाएगा।

7.3 ठेकेदार द्वारा नियोजित किए गए कार्मिकों के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा तथा भविष्य निधि के खाते में जमा की गई राशि के विवरण समय समय पर संबंधित प्राधिकारियों कोप्रस्तुत करने होंगे।

